तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 24 नवंबर 2025

खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार

4
जिले के 312 खातों में लौटाए गए जमा 3.46 करोड़, आपकी पूंजी अभियान से राहत



## खबर संक्षेप

### जिला विकास समन्वय समिति की बैठक 27 को

**रायगढ़।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 27 नवंबर गुरुवार को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, रायगढ़ में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया एवं सह.अध्यक्षता राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह करेंगे। बैठक में भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रमुख योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। समिति के समक्ष विभिन्न विभागों में संचालित 17 योजनाओं की स्थिति प्रस्तुत की जाएगी, जिनका मूल्यांकन कर आवश्यक दिशा.निर्देश जारी किए जाएंगे। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को बैठक में पूर्ण जानकारी और आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है, ताकि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समयबद्ध प्रगति पर विस्तृत चर्चा एवं समीक्षा कर दिशा निर्देश जारी किया जा सके।

### तम्बाकू नियंत्रण के लिए बैठक आज

**रायगढ़।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन और कोटपा एक्ट 2003 के प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक 24 नवंबर को आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले में तम्बाकू नियंत्रण से संबंधित गतिविधियों, जनजागरूकता कार्यक्रमों तथा कोटपा एक्ट के पालन की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही विभिन्न विभागों से प्राप्त जानकारी, कार्रवाई की स्थिति तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। समिति के सभी सदस्यों और संबंधित अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर आवश्यक प्रतिवेदन तथा प्रगति विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके।

### फर्जी जमीन बिक्री, आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**जांजगीर-चांपा।** जमीन बिक्री करने के मामले में 2 लाख 50 हजार की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को सीटी कोतवाली पुलिस ने चंद घंटे में गिरफ्तार करते हुए त्वरित कार्यवाही की गयी। जांजगीर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी सुनिल सिंह पिता श्याम सिंह 39 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 6 अनंत बिहार कॉलोनी जांजगीर द्वारा प्रार्थी रजत सुल्तानिया निवासी नैला को जांजगीर के कैनाल सिटी आगे वृंदावन कॉलोनी में दूसरे की जमीन को दिखाकर गलत चौहद्दी तैयार कर उसका उपयोग कर रास्ते की जमीन को बिक्री कर दिया जिसकी सूचना रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध 21 नवम्बर को थाना जांजगीर में द्वारा दूसरे जमीन को चौहद्दी बताकर कूटरचना कर विक्रय पत्र निष्पादित कर किया। 2 लाख 50 हजार रुपये को प्रार्थी से प्राप्त करना जुर्म स्वीकार किए जाने पर आरोपी के विरुद्ध धारा 318 (4), 338, 336(3), 340 (2 ) बीएनएस के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड रिमांड पर भेजा गया।

## पांच दिन में 70 खरीदी केंद्रों में 27 हजार 257 क्विंटल हुई धान खरीदी

# 35 खरीदी केंद्रों में बोहनी का इंतजार एक सप्ताह में नहीं पहुंचे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**खास बात**

- अभी कटाई में देरी, टिकरा और छोटे छोड़कर बहरा में लगे धान पकने में लगेगा समय
- दिसंबर में ही आएगी खरीदी में तेजी

जिले के 35 खरीदी केंद्रों में अभी भी बोहनी का इंतजार हो रहा है। यहां अभी तक एक भी किसान धान बिक्री के लिए नहीं पहुंचे हैं। दूसरी ओर अभी केवल टिकरा में लगे और छोटे धान की ही कटाई हो पाई है। बहरा में लगे धान पके नहीं है। ऐसे में अभी कटाई में वक्त लगेगा। कटाई नहीं होने की वजह से धान बिक्री में तेजी दिसंबर में ही आने की बात कही जा रही है। बीते सप्ताह पांच दिनों में जिले के 70 खरीदी केंद्रों में 27 हजार 257 क्विंटल धान खरीदी हुई है।

अभी धान खरीदी में तेजी नहीं आई है। जानकारी के अनुसार अभी तक सिंचित 4 और असिंचित करीब 17 प्रतिशत ही धान कटाई हो पाई है। इसके कारण बोहनी का भी इंतजार करना पड़ रहा है। जिले में 105 खरीदी केंद्र हैं। इसमें 70 सेंटरों में बोहनी हुई है, वहीं 35 खरीदी केंद्रों में किसान नहीं पहुंचे हैं। यहां किसानों के आने का इंतजार किया जा रहा है। खरीदी शुरु होने के पहले दिन पांच सेंटरों में ही खरीदी हो पाई थी। इस दिन केवल सांकेतिक खरीदी ही की गई थी। सोमवार से समितियों में खरीदी शुरु हुई जहां 27 हजार 257 क्विंटल धान खरीदी हो पाई है।



खरीदी केन्द्र में धान।

**मोटा धान है**

अभी जो धान खरीदी हुई है वह मोटा ही है। सरना धान की कटाई में देरी होने की वजह से खरीदी नहीं हो पाई है। टिकरा और जहां पानी नहीं ठहरता वहां मोटा धान लगाया जाता है। इस धान की अवधि 50-60 की होती है। बाकी धान की अवधि 80-90दिनों की होती है। दूसरी ओर जिले में पतला धान की खरीदी एक या दो किसानों से ही होती है। याने जिले में कोई पतला धान लगाता ही नहीं है।

**3 हजार क्विंटल जब्त**

दूसरी ओर खरीदी चालू होने के पहले ही प्रशासन की टीम ने अवैध धान की धर-पकड़ शुरु कर दिया था। ऐसे में अब तक 3266 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है। इस जब्त धान की कीमत एक करोड़ से अधिक होने की बात कही जा रही है। खास बात यह है कि जो धान जब्त होता है उसी कोचिए के पास सुपुर्द कर दिया जाता है। ऐसे में इस धान की आखिरी में होता क्या है यह समझ नहीं आता।



# गांवों में हाथियों का आतंक रतजगा कर रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- हर दिन हाथियों के सड़क पार करने का मामला आ रहा है सामने
- कुछ गांवों में इससे बचने पूजा-पाठ का भी ले रहे सहारा

तमनार रेंज के हर्राडीह और जामडबरी गांव में हाथियों का आतंक जारी है। हाथी रोजाना फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसान रतजगा करने को मजबूर हैं। जिले में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। तमनार, रायगढ़, घरघोड़ा, छाल, धरमजयगढ़ रेंज में हर दिन हाथियों के सड़क पार करने का मामला सामने आ रहा है। खास बात यह है कि इससे बचने ग्रामीण पूजा-पाठ का भी सहारा ले रहे हैं। दो गांवों में बाकायदा हवन पूजन कराया गया है।

पिछले दो सप्ताह से सोशल मीडिया पर 34 हाथियों के रोड क्रॉस करने का वीडियो लगातार वायरल हो रहा है। सामारूमा और अमलीडीह के बीच मुख्य मार्ग पर हाथियों का झुंड लगातार रोड क्रॉस करते नजर आया है। इसी क्रम में दो रात से हाथियों का दल सरायपाली क्षेत्र में घूम रहा है। उक्त हाथियों का दल बीती रात हर्राडीह और जामडबरी गांव पहुंचा, जहां किसानों के धान की फसल पक कर तैयार हुआ है। हाथियों का झुंड इन्हीं खेतों में विचरण कर रहा है, जिससे फसल को नुकसान पहुंच रहा है।हाथियों को जंगल की ओर भागने के लिए किसान रतजगा करने को मजबूर हो गए हैं। वन विभाग और हाथी मित्र दल की टीम ग्रामीणों के सहयोग से हाथियों को जंगल की ओर भेजने का प्रयास कर रहे हैं। किसान हाथियों को खदेड़ने के लिए दूर पटाखे चला रहे हैं, टॉर्च की रोशनी से उन्हें डराया जा रहा है।

### किसानों की फसलों को पहुंचा रहे नुकसान

बीती रात हाथियों का दल सामारूमा व सराईपाली बीट के हर्राडीही गांव में पहुंचा। यहां कुछ किसानों की फसल को नुकसान करने के बाद हाथियों का दल जामडबरी और सामारूमा में पहुंचा और खेतों में घुसकर 10 किसानों की फसल को बर्बाद कर दिया। तमनार रेंज के अलावा घरघोड़ा रेंज में भी हाथियों ने 2 किसानों की फसल बर्बाद की है।

### 40 हाथियों का दल कर रहा विचरण

रायगढ़ वन मंडल में 40 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इसमें तमनार रेंज में 34 हाथी, रायगढ़ के पड़िगांव में 2, घरघोड़ा रेंज के छर्राटांगर बीट में 3 और कमतरा में 1 हाथी शामिल हैं।

# जर्जर स्कूल बन गया खंडहर, डर के साये में पढ़ाई कर रहे बच्चे

**रायगढ़।** खरसिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत भैनापारा के आश्रित गांव कलमी का प्राथमिक विद्यालय वर्तमान में खंडहर बन चुका है। शासन-प्रशासन की अनदेखी के कारण मजबूरन बच्चे इसी जरज़र स्कूल में भविष्य गढ़ने को मजबूर हैं। 1993 में निर्माण हुए इस स्कूल की हालत काफी खराब हो चुकी है। यह स्कूल देखते ही देखते पूरी तरह जर्जर हो गया है, लेकिन मजबूरी में मासूम बच्चे इसी टूटती इमारत के अंदर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। कुछ दिन पहले स्कूल की खिडक़ी का छज्जा अचानक भरभराकर नीचे गिर गया। किस्मत अच्छी थी कि उस समय बच्चे कक्षा के अंदर नहीं थे, जिससे एक अनहोनी घटना टल गई।



**शौचालय की हालत भी बदतर**

स्कूल का हाल इतना भयावह है कि सिर्फ कमरों की दीवारें और छत ही नहीं, बल्कि शौचालय भी पूरी तरह जर्जर हो चुका है। छोटे-छोटे बच्चे खुले में शौच जाने को मजबूर हैं, जो सुरक्षा और स्वास्थ्य दोनों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है।

**ग्रामीणों में नाराजगी**

स्थानीय लोग ग्राम पंचायत भैना पारा के सरपंच अनहित राम को भी समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे लोगों में भारी नाराजगी है।

# ठंड के सीजन में भी सब्जियों के दाम छू रहे आसमान



- लोकल आवक कम, मौसम की मार ने भी बढ़ाया दाम
- लोकल आवक की कमी और मौसम की बेरुखी की वजह से बढ़ रहे है दाम

**रायगढ़।** नवंबर का महीना चल रहा है और ठंड भी दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। इन दिनों हरी सब्जियों के बढ़े हुए दामों ने आम जनता की जेब ढीली कर दी है। अचानक ही सब्जियों के बढ़े हुए दामों से लोगों का हाल-बेहाल है। जिस सीजन में हरी सब्जियों की भरमार होती है। इन दिनों हरी सब्जियों के दाम अचानक ही बड़े हुए हैं। जिससे आम जनता का हाल बेहाल है।

सर्दी के शुरुआत में हरी सब्जियों की कीमतों में गिरावट होती है। लेकिन इस बार स्थिति पूरी तरह अलग है। सब्जियों के भाव बढ़ने के कारण लोग सीमित मात्रा में खरीदारी करने को विवश हैं। व्यापारियों के अनुसार अभी कुछ दिनों तक दाम ऐसे ही रहने की संभावना है, बाजार में लोकल आवक के आते ही दाम कम हो सकते हैं।

**बिगड़ रहा है रसोई का बजट**

सब्जियों के दाम में लगातार उछाल के कारण मध्यम वर्ग के लोगों का बजट पूरी तरह बिगड़ कर रहा गया है। मौसम और उत्पादन की मार के कारण सब्जियों के भाव बढ़ते जा रहे हैं। आलू, टमाटर, शिमला मिर्च, बैगन, सब्जियों के साथ ही धनिया का दाम भी बढ़ चुका है। बताया जा रहा है कि धनिया 200 रुपए किलो पहुंच गया है। इसके साथ ही इस सीजन में पालक, मेथी जैसी भाजियों की भरमार होती है, बावजूद इसके भांजियां 60-70 रुपए किलो की हिसाब से बिक रही है।

**टमाटर की लोकल आवक कम**

पटेलपाली के थोक सब्जी मंडी के व्यापारियों ने बताया कि टमाटर साउथ से और नासिक से आता है। इसके बाद सभी जगह के बाजारों में मिलता है। इस बार उत्पादन कमी है। इस बार अंबिकापुर और लोकल मार्केट से आने वाला टमाटर भी खत्म हो गया। इस साल मौसम में कई बार परिवर्तन देखने को मिला, जिसकी वजह से सब्जियों की खेती भी प्रभावित हुई है।

## आज रायगढ़ और कल पुसौर-सरिया में होगा आयोजन

# आज युवाओं को सफलता के टिप्स देंगे आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आज सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार स्कूली बच्चों और युवाओं को सफलता का मंच बताएंगे। श्री कुमार जिले में दो दिन रहेंगे। आज रायगढ़ और कल पुसौर सरिया में उनका कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम के लिए प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी की गई है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के विशेष पहल से प्रेरणादायी कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन होने जा रहा है।

इस ऐतिहासिक आयोजन में देशभर के लाखों छात्रों के प्रेरणास्त्रोत, सुपर 30 के संस्थापक और पद्मश्री से सम्मानित आनंद कुमार युवाओं से प्रत्यक्ष संवाद करेंगे और सफलता का मंत्र देंगे। निर्धारित सभी जगहों पर आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई है। कैरियर महोत्सव का रायगढ़ में 24 नवम्बर को शाम 3.30 बजे रामलीला मैदान में होने जा रहा है। इस विशाल कार्यक्रम में रायगढ़, लैलूंगा, धरमजयगढ़, तमनार और घरघोड़ा क्षेत्र के 93 हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों तथा 17 महाविद्यालयों के लगभग 10 हजार से अधिक छात्र छात्राएं और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवा शामिल होंगे। जिले के हायर सेकेंडरी स्कूलों, महाविद्यालयों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हजारों युवा इस अवसर का लाभ उठाएंगे। कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासन द्वारा विशाल मंच, सुव्यवस्थित बैठने की व्यवस्था, साउंड सिस्टमए प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग और यातायात प्रबंधन को उच्च स्तर पर तैयार किया गया है। दूसरा सत्र 25 नवंबर की सुबह 8.30 बजे पुसौर के इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में यह आयोजन होने जा रहा है। पुसौर और खरसिया विकासखंड के 40 स्कूलों और 3 महाविद्यालयों के विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवा इसमें सम्मिलित होंगे। पुसौर क्षेत्र में इस तरह का विशाल करियर गाइडेंस आयोजन पहली बार हो रहा है, जिसे लेकर युवाओं में उत्साह चरम पर है। इस आयोजन में जिले के प्रतिभाशाली युवा युवतियाँ देश के मोटिवेशनल आइकॉन आनंद कुमार से सीधे संवाद कर सकेंगे। साथ ही 25 नवंबर को शाम 3.30 बजे सरिया में कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन होगा। इन आयोजनों में विद्यार्थी अपने प्रश्न पूछ सकेंगे तथा कैरियर चयन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास जैसे विषयों पर प्रत्यक्ष मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे।



हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर ,(7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव , (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई , (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेषकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहू, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण -** (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काब्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महिर्ष स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज़ सरकंडा जबरापारा, बिलाासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता–स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण -** (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण -** (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता-ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### ख्रीस्त राजा पर्व पर निकली भव्य शोभायात्रा

**राजगांगपुर।** रविवार को ख्रीस्त राजा पर्व बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। पावन अवसर पर सेंट मेरी गर्ल्स हाईस्कूल स्थित चर्च परिसर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें मसीही समाज के बच्चे, महिलाएं और पुरुष हजारों की संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु प्रभु यीशु की स्तुति में भक्ति गीत गाते आगे बढ़ते गए और उनके मधुर भजनों से पूरा शहर श्रद्धा की अनुभूति से गुंजायमान हो उठा। विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए शहर की परिक्रमा करने के बाद शोभायात्रा पुनः चर्च परिसर लौट आई, जहां यह एक प्रार्थना सभा में परिवर्तित हो गई।प्रार्थना सभा में चर्च के फादर ने उपस्थित मसीहियों को प्रभु यीशु के उपदेशों से अवगत कराया और उनके जीवन व शिक्षाओं का महत्व समझाया। ख्रीस्त राजा पर्व कैथोलिक समुदाय का महत्वपूर्ण उत्सव है, जिसे ईसा मसीह को राजाओं का राजा के रूप में सम्मान देने और उनके दिव्य राजत्व को स्वीकार करने के लिए मनाया जाता है। इस त्योहार का उद्देश्य यीशु मसीह की शिक्षाओं का स्मरण करना तथा उन्हें जीवन में अपनाने की प्रेरणा देना है।

### झरझरा महोत्सव कार्यालय का उद्घाटन

**राजगांगपुर।** बहुप्रतीक्षित राजगांगपुर झरझरा महोत्सव 2025 की तैयारियों को गति मिल गई है। महोत्सव की तिथियों की घोषणा के साथ ही स्थानीय कम्युनिटी सेंटर में रविवार शाम 7 बजे झरझरा महोत्सव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजगांगपुर एसडीपीओ विभूति भूषण भोई ने फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय थाना प्रभारी विजय कुमार दास, महोत्सव अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, महासचिव अशोक दास, उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष एमडी असफाक, मोहन अग्रवाल और संजीव बेउरा सहित समिति से जुड़े प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। वर्ष 2009 में प्रारंभ हुआ झरझरा महोत्सव इस वर्ष अपने 17वें संस्करण का भव्य आयोजन करने जा रहा है। समिति ने बताया कि इस बार महोत्सव में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों, स्थानीय कला व संस्कृति के प्रदर्शन एवं आकर्षक प्रस्तुतियों को शामिल किया जाएगा, ताकि उत्सव को और अधिक यादगार बनाया जा सके। बैठक में मौजूद गणमान्य नागरिकों और समिति सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने अपने सुझाव साझा किए।

### धान खरीदी केंद्रों में किसानों के लिए है अच्छी व्यस्था

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जिले के सभी 46 धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी कार्य सुचारू और व्यवस्थित रूप से संचालित हो रहा है। पत्थलगांव विकास खंड के तमता धान खरीदी केन्द्र में किसान अनिल कुमार भगत धान बेचने पहुंचे उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्र में अच्छी व्यस्था है धान बेचने में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। उनके पिता श्री सेतराम भगत के नाम से सोसायटी में धान बेचने के लिए पंजीयन हुआ है। उन्होंने बताया कि वे प्रति वर्ष इसी केंद्र में धान बेचते हैं और इस वर्ष भी सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित हैं। किसानों की सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है।

### कुम्दा साइडिंग में कोल गुणवत्ता सुधार को लेकर बैठक

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा अंतर्गत शनिवार को कुम्दा साइडिंग स्थित कोयला नमूना तैयारी कक्ष में आयोजित बैठक में विशेषज्ञों, तकनीकी अधिकारियों और फील्ड स्टाफ ने एक साथ बैठकर कई बिंदुओं पर मंथन किया, यहां पर क्षेत्रीय गुणवत्ता प्रबंधक अमरेंद्र नारायण सिंह के अलावा सैंपल सहायक, सैंपल सुपरवाइज़र और तकनीकी निरीक्षकों की मौजूदगी में बैठक हुई,कार्यक्रम की शुरुआत में वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आधुनिक खदान प्रबंधन में कोयला गुणवत्ता ही वह आधार है,जो कंपनी की छवि, मूल्य और उपभोक्ता विश्वास को सुनिश्चित करता है,सैंपलिंग प्रक्रिया में की गई एक छोटी सी त्रुटि भी करोड़ों के उत्पादन और ग्रेडिंग को प्रभावित कर सकती है। बैठक में सैंपल तैयार करने की वैज्ञानिक विधियों को विस्तार से समझाया गया।

### रेत तस्करी के खिलाफ सख्त एक्शन, कई वाहन जब्त

# बालू तस्करी रोकने पुलिस ने कसी कमर, धड़पकड़ अभियान तेज

**राउरकेला।** राउरकेला व आसपास क्षेत्र में अवैध रेत खनन पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने बड़े पैमाने पर अभियान छेड़ दिया है। शनिवार को पूरे दिन- रात में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। अभियान के दौरान दर्जनों वाहनों को पकड़ा गया, वहीं रेत तस्करी से जुड़े कई लोगों को हिरासत में लेकर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कोयल और ब्राह्मणी नदी के उन इलाकों में जहां अवैध खनन की शिकायतें अधिक मिल रही थीं, पुलिस ने विशेष निगरानी बढ़ा दी है।

स्थानीय थानों की संयुक्त टीमें लगातार गश्त कर रही हैं। नदी तटों से लेकर प्रमुख सड़कों पर नाका लगाकर वाहनों की जांच की जा रही है, जिससे अवैध रेत ढोने वालों पर लगाम लगाई जा सके। एसपी राउरकेला के अनुसार, अवैध रेत खनन के खिलाफ यह कड़ा अभियान आगे भी बिना किसी रियायत के जारी रहेगा। उन्होंने कहा, अवैध खनन में




शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पर्यावरण संरक्षण हमारी प्राथमिकता है और यह अभियान सख़्ती के साथ चलता रहेगा। प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीमों ने कई जगहों पर छापेमारी कर अवैध खनन में शामिल वाहनों को जब्त किया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तुरंत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि रेत खनन से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय अधिकारियों को देंए ताकि प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा की जा सके। राउरकेला पुलिस द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, अवैध बालू परिवहन और उत्खनन के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान में भारी कार्रवाई की गई है। अभियान के दौरान विभिन्न थानों में कुल 7 मामले दर्ज किए गए हैंए जिनमें 5 ट्रैक्टर, 1 टिपर और 1 टाटा वाहन को जब्त किया गया है। सभी वाहन बालू से भरे हुए थे और अवैध परिवहन में लिप्त पाए गए। पुलिस की इस कार्रवाई ने अवैध खनन माफियाओं पर नकेल कसने का संदेश स्पष्ट कर दिया है।

## राउरकेला में बड़ी कार्रवाई, तीन कुख्यात अपराधी मुठभेड़ में घायल



**राउरकेला।** रविवार तड़के लाठीकाटा कुचैता क्षेत्र में पुलिस और कुख्यात अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ में बड़ा खुलासा हुआ। राउरकेला की विशेष पुलिस टीम को चकमा देकर भागने की कोशिश कर रहे कुख्यात चांडे चंदा नायक गिरोह के तीन अपराधी पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल हो गए, जबकि गिरोह के पाँच अन्य सदस्यों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। सभी घायल अपराधियों को राउरकेला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह गिरोह कोइड़ा और आस पास के इलाकों में हथियारों के बल पर डकैती और लूट की घटनाएँ अंजाम दे रहा था। हाल ही में लहुणीपाड़ा बरसुआ ट्रांसपोर्ट ऑफिस, कोइड़ा के मां तारिणी ट्रांसपोर्ट ऑफिस तथा रेंगलाबेड़ा क्षेत्र में वाहन मालिकों से लाखों रुपए की लूट में भी यही बदमाश शामिल थे। दो सप्ताह पहले बरसुआ साइडिंग के बीएनआर ट्रांसपोर्ट ऑफिस से 3 लाख 59 हजार और कोइड़ा बाजार से साढ़े 3 लाख की लूट के बाद से पुलिस इनकी तलाश में थी। खनन क्षेत्र में यह गिरोह निर्भीक होकर परिवहन कार्यालयों को निशाना बना रहा था, जिससे व्यवसायी और कर्मचारी भय के माहौल में जीने को मजबूर थे। लगातार हो रही घटनाओं से पुलिस पर दबाव बढ़ गया था और विशेष टीम को गिरोह पर कड़ी निगरानी लगानी पड़ी। लहुणीपाड़ा और चांदीपोश थाना क्षेत्रों की संयुक्त कार्रवाई के दौरान तीन अपराधी पुलिस की गोली से घायल हुए। घटनास्थल से तीन पिस्तौलए कारतूस, स्कॉर्पियो वाहन और नकदी बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह के खिलाफ ओडिशा और झारखंड के विभिन्न थानों में कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अब गिरोह के शेष सदस्यों की तलाश में जुट गई है।

## स्वास्थ्य शिविर और मोबाइल हेल्थ वैन के माध्यम से 212 को मला परामर्श और दवा

**रायगढ़।** अदाणी पावर लिमिटेड रायगढ़ की सामाजिक उत्तरदायित्व शाखा अदाणी फाउंडेशन ने ग्रामीण समुदायों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से छह स्वास्थ्य शिविरों की योजना बनाई है, जिनमें से दो शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना, स्वास्थ्य जागरूकता को प्रोत्साहित करना तथा निःशुल्क परामर्श एवं दवा वितरण के माध्यम से समुदाय को सशक्त बनाना है।

पहला शिविर ग्राम कोटमारा में आयोजित हुआ, जिसमें 119 लाभार्थियों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श का लाभ लिया। इस शिविर में डॉ. काकोली स्त्री रोग विशेषज्ञ, मेडिकल कॉलेज और डॉ. चंद्रशेखर सिदार एपेक्स हॉस्पिटल ने सेवाएँ प्रदान कीं। शिविर में ग्राम



सरपंच अमीन पटेल, फाउंडेशन की टीम और ग्राम के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। दूसरा शिविर ग्राम बड़े भण्डार स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ, जिसमें 93 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श और निःशुल्क दवा वितरण का लाभ उठाया। इस शिविर में डॉ. संगीता पांडे स्त्री रोग विशेषज्ञ और डॉ. विकास कुमार जनरल फिजिशियन उपस्थित रहे। इन शिविरों को सफल बनाने में ग्रामीण प्रतिनिधियों और विद्यालय प्रशासन का सहयोग महत्वपूर्ण रहा। अदाणी फाउंडेशन की टीमकृपूर्णेन्दु कुमार, परमेश्वर गुप्ता, सोमप्रभा गोस्वामी, कौशल विशाल फार्मा और अरुण कुमार वॉलंटियर ने सक्रिय योगदान दिया। इसके अतिरिक्त, अदाणी फाउंडेशन वर्तमान में दो मोबाइल हेल्थ वैन संचालित कर रहा है, जो 42 गाँवों और रेलवे साइडिंग क्षेत्र के गाँवों को कवर कर रही हैं। इन वैन के माध्यम से भी ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श और दवा वितरण की सुविधा प्रदान की जा रही है।

## डीएसपी कमलेश का प्रथम नगर आगमन, लोगों ने किया ढोल नगाड़ों और फूल वर्षा के साथ स्वागत

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य सेवा आयोग 2024 में डीएसपी पद पर चयनित हुए बिलाईगढ़ निवासी कमलेश कुमार राकेश का प्रथम नगर आगमन हुआ। इस अवसर पर बिलाईगढ़ बस स्टैंड में हजारों की संख्या में जनसमूह एकत्रित होकर उनका उत्साहपूर्वक स्वागत करने पहुंचा। जैसे ही कमलेश राकेश बस स्टैंड पहुँचे, ढोल नगाड़ों की गूँज, पटाखों की आतिशबाज़ी और फूलों की वर्षा के बीच उनका स्वागत किया गया। नगरवासियों ने पुष्पगुच्छ और मालाओं से उन्हें सम्मानित किया। सबसे पहले उन्होंने अपने माता पिता के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।

अपने पिता के गले लगकर वे भावुक हो उठे। यह दृश्य उपस्थित भीड़ को भी भावभिभोर कर दिया। इसके पश्चात नगर पंचायत अध्यक्ष दामोदर प्रसाद दुबे ने श्रीफल भेंटकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रदीप देवांगन और वरिष्ठ नागरिक जगदीश पांडे ने भी पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर सम्मान व्यक्त किया। इसके बाद बस स्टैंड से बाजे गाजे, डीजे और उत्साह के साथ रैली निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए उनके निवास खजरी रोड, टिकरापारा पहुँची।



रास्ते भर जगह जगह श्रीफल, पुष्पमाला और स्वागत सत्कार का सिलसिला चलता रहा। निवास स्थान पर विशेष मंच सजाया गया था, जहाँ बड़ी संख्या में नगरवासियों ने एक बार फिर कमलेश राकेश का स्वागत करते हुए उन्हें बधाईयाँ दीं।

समारोह में संबोधित करते हुए कमलेश राकेश ने बताया कि 2022 से परीक्षा की तैयारी कर रहे थे और दो बार असफल होने के बावजूद निरंतर प्रयास करते रहे। इस बार 2024 में 30वाँ रैंक स्थान प्राप्त कर डीएसपी पद पर चयनित होना उनके लिए बड़ी उपलब्धि है। आगे कहा कि डीएसपी बनना मेरे लिए गौरव की बात है उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, बहन, मार्गदर्शक आनंद सरए अपने मित्रों, मोहल्लेवासियों और संपूर्ण बिलाईगढ़ क्षेत्र को दिया। अब डीएसपी के रूप में जॉइनिंग कर छत्तीसगढ़ के साथ साथ देश की सेवा करने का सौभाग्य मिलेगा। आगे भी डिप्टी कलेक्टर के लिए प्रयासरत रहूँगा। स्वागत में पार्षद नरेश देवांगन, पार्षद उमाशंकर देवांगन, पार्षद धनीराम राकेश एवं सुनील सिंघानिया, रोहित देवांगन, कैलाश राकेश, सीताराम राकेश, भरत राकेश, कलश राम राकेश, प्रभाकर कर्ष, जयदीप पांडे, चेतन देवांगन, नरेंद्र देवांगन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## पुलिस ने फिर तस्करों के चंगुल से गायों को छुड़ाया, तीन गौ तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ऑपरेशन शंखनाद के तहत जशपुर पुलिस के द्वारा पुनः सिटी कोतवाली जशपुर क्षेत्रांतर्गत 5 नग गौ वंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराते हुए, तीन आरोपी गौ तस्करों को पकड़ने में भी सफलता मिली है।

पुलिस के अनुसार 21 नवंबर की शाम करीब 5 बजे सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति सारुडीह जंगल के रास्ते गौ वंशों को बेरहमी पूर्वक मारते हुए, तेजी से पैदल हांक कर झारखंड राज्य की ओर ले जा रहे हैं। जिस पर पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए, तत्काल सिटी कोतवाली जशपुर की पुलिस टीम के साथ मुखबिर के बताए स्थान पर जाकर देखा गया तो पाया कि 03 व्यक्ति जंगल के रास्ते 05 नग गौ वंशों को पैदल हांक कर, मारते पीटते हुए तेजी से ले जा रहे हैं, जिस पर पुलिस टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए, घेराबंदी की गई, व मौके से 05 नग गौ वंशों को तस्करों के चंगुल से सकुशल छुड़ाया गया, साथ पुलिस को देख भागने का प्रयास कर रहे, तीनों गौ तस्करों को पीछा कर, उन्हें हिरासत में लिया गया।

## विधान सभा अध्यक्ष से अपर कलेक्टर कोर्ट खोलने की मांग, अन्य समस्याओं पर भी चर्चा

**सरसीवा।** बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता बेदराम जांगडे ने विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से सौजन्य भेंट किया। उन्होंनें क्षेत्र की महत्वपूर्ण एवं लंबित जनसमस्याओं पर विस्तृत जानकारी देते हुए मांग की। डॉ. रमन सिंह ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

- **भारी वाहन प्रतिबंधित पुल खोलने, जर्जर महानदी सेतु की मरम्मत की मांग की**

सरसीवा जैतपुर हसौद मार्ग पर महानदी सेतु पुल पर भारी वाहनों का आवागमन पिछले कई वर्षों से पूर्णतः प्रतिबंधित है। इससे कालेज के विद्यार्थियों से लेकर किसानों की उपज, व्यापारियों का माल ढोना एवं आम जनता की आवाजाही अत्यंत कठिन हो गई है। यदि पुल के पिलर में कोई तकनीकी समस्या है तो तत्काल सर्वे कराकर या तो मौजूदा पुल को भारी वाहनों हेतु खोला



जाए या समानांतर नया पुल स्वीकृत किया जाए।

गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग सड़क पर स्थित महानदी सेतु पुल पूरी तरह जर्जर हो चुका है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यह पुल माँ शबरी के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ शिवरीनारायण को जोड़ता है। मरम्मत में देरी से तीर्थयात्रियों एवं स्थानीय लोगों की जान जोखिम में है। इसके तत्काल पुनर्निर्माण मरम्मत की मांग किए। बिलाईगढ़ में अपर कलेक्टर स्तरीय राजस्व न्यायालय खोलने की वर्षों पुरानी मांग आज भी लंबित है। इससे लोगों को छोटे-छोटे राजस्व मामलों के लिए सारंगढ़ के चक्कर लगाने पड़ते हैं। बिलाईगढ़ को राजस्व उपखंड बनाकर अपर कलेक्टर कोर्ट खोलने से जनता को बड़ी राहत मिलेगी। डॉ. रमन सिंह ने सभी मुद्दों पर सकारात्मक सहमति जताई और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया।

## ईसाई समुदाय ने मनाया ख्रीस्त राजा पर्व, निकाली शोभा यात्रा



**रायगढ़।** रविवार को रायगढ़ में ईसाई समाज ने ख्रीस्त राजा पर्व धूमधाम से मनाया। इस दौरान रामभांठा चर्च से शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा शहर के चौक चौराहों से होते हुए कार्मेल स्कूल पहुंची, जहां प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। इस शोभा यात्रा में मसीही समुदाय के सैकड़ों लोग शामिल हुए। फादर ने सभी को खुशहाल जीवन और प्रभु की संगति की सलाह दी। इस पर्व से क्रिसमस की तैयारियों की शुरुआत होती है।

**खास बातें**

- सैकड़ों की तादाद में शामिल हुए मसीही समुदाय के लोग
- रामभांठा चर्च से निकली शोभायात्रा, शहर के चौक चौराहों से गुजरते हुए पहुंची कार्मेल स्कूल

ईसाई समाज के लोगों द्वारा ख्रीस्त राजा पर्व रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर रामभांठा चर्च से शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में ईसाई धर्म के पुरोहित, महिला, पुरूष, बच्चे एवं अन्य लोग शामिल हुए ल। साथ ही संत माइकल, सेंट जेवियर, सेंट टेरेसा, शांति दान, उर्दना चर्च चारों जगह के लोग रैली में शामिल हुए। शोभा यात्रा निकलने से पहले प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। ख्रीस्त राजा पर्व मनाने के पीछे ईसाइयों का मानना है कि ख्रीस्त केवल विश्व के ही नहीए बल्कि स्वर्ग के भी राजा हैं। ईसाई धर्मावलंबी ईसा मसीह को अपने धर्म के गुरू और मुक्तिदाता ईश्वर के रूप में मानते हैं। ईश्वर ईसा मसीह दुनिया की ज्योति हैं। सभी हृदयों से पाप रूपी अंधकार को मिटाकर ईश्वरीय ज्योति जलाने आए हैं। इस दौरान ईसा.मसीह को अपने जीवन में हृदय का राजा बनाने की सलाह दी गई। इस अवसर पर फादर ने लोगों के खुशहाल जीवन और समृद्ध देश की कामना की। उन्होंने कहा कि तमाम लोग प्रभु की संगति करेंए उनके प्रति समर्पित रहें। सभी ईसाई ख्रीस्त की ही प्रजा हैं और हमेशा उनके ही रहेंगे। ईसाई समाज के महापर्व क्रिसमस के ठीक एक माह पहले ख्रीस्त राजा पर्व मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इसी दिन से ही प्रभु ईसा मसीह का आगमन काल प्रारंभ होता है। जिसके बाद से ईसाइयत क्रिसमस की तैयारियों में जुट जाते हैं। धर्म को मानने वाले कहते हैं कि प्रभु यीशु हमारे दिलों के राजा हैं। उस दिलों के राजा की हम जय जयकार करते हैं और यह बिल्कुल न्यायोचित है। राजा का नाम सुनते ही मन में एक ऐसे व्यक्ति का स्वरूप उभर कर आता हैए जो पूरे राजसी ठाठ बाट के साथ रहता है। एक ऊंचे सिंहासन पर विराजमान रहता है। लेकिन हमारे राजा ने कांटों का मुकुट पहना और कष्ट का जीवन स्वीकार किया। ताकि हमें बचाए जा सके और हमारा जीवन बेहतर बन सके। राजा की जय जयकार करते हैंए तो प्रभु खुश होते हैं, लेकिन वे उससे ज्यादा खुश तब होंगे, जब हम प्रत्येक जन अपने जीवन में प्रभु की इच्छा पूरी करेंगे।

### छात्रों को 25 बस और 50 फोर व्हीलर में लाने की तैयारी


# कॅरियर मार्गदर्शन में 30 हजार बच्चे होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा क्षेत्र के छात्रों को उनके शिक्षा अनुसार मार्गदर्शन करने का बीड़ा उठाया है। इसके लिए सुपर थर्टी प्रमुख आनंद कुमार के साथ एक कॅरियर मार्गदर्शन का आयोजन इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में होने जा रहा ह। जिसके लिए जिला पंचायत एसीईओ सीईओ महेश पटेल एवं उनके टीम का पुसौर में लगातार व्यवस्था की मॉनिटरिंग की जा रही है। यह कार्यक्रम मंगलवार सुबह 8 से 12 बजे तक होगाद। इसमें करीब 30 हजार छात्रों के लिए व्यवस्था रखी गई है। पहले छात्रों को सामान्य योगा कराया जाएगा। इसके बाद चयनित छात्रों का क्वीज कार्यक्रम होगा। इसी क्रम में अलग अलग विषय आधारित कॅरियर के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसके लिए बैठक व्यवस्था ऐसे रखी गई है जिसमें छात्र एलईडी के जरिए मुखातिब हो सके। किसी शंका समाधान के लिए सवाल भी कर सकते हैं। उक्त कार्यक्रम के जरिए छात्र अपने कौशल और रूचि के अनुसार केरियर के विकल्पों की जानकारी ले सकेंगे। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी एवं फालोअप सत्र भी होगी जिसमें छात्र अपनी जांच स्वयं कर सकेंगे। उक्त कार्यक्रम में 3 महाविद्यालय 40 हाई और हायर सेकेण्डरी के छात्र आएंगे जिनके आने के लिए



प्रत्येक स्कूल के पास बस तैनात रहेगी। वहीं बस पहुंच विहीन जगहों के लिए फोर व्हीलर की व्यवस्था रहेगी जिससे छात्रों को आने में सुविधा होगी। लगभग 4 घंटे के उक्त कार्यक्रम के बीच छात्रों को सहज बनाए रखने की समुचित व्यवस्था होगी। यह इतिहास में पहली बार होगा कि छात्रों को उनके जीवन को संवारने ऐसी व्यवस्था दी जा रही है। इस आयोजन को लेकर छात्रों, पालकों एवं शासकीय पेशा में रहे लोगों में एक कौतुहल का वातावरण बना हुआ है।




## संजय और महिमा की फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' 19 को होगी रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता संजय मिश्रा और महिमा चौधरी आगामी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' से खूब चर्चा बटोर रहे हैं। फिल्म का पोस्टर पहले जारी हो गया था। अब निर्माताओं ने नया पोस्ट जारी करते हुए फिल्म की रिलीज तारीख बताई है। फिल्म के निर्देशन की कमान सिद्धांत राज ने संभाली है। एकांश बच्चन और हर्ष बच्चन निर्माता हैं। 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' के पोस्टर ने लोगों को उत्साहित कर दिया है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का मोशन पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें महिमा दुल्हन के अवतार में हैं। वहीं संजय वरमाला लिए उनकी ओर देखते नजर आ रहे हैं। 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' अगले महीने 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रुख करने के लिए तैयार है।

**लाइफ Style**

# दीपिका
## बनी थीं पहली ग्लोबल एंबेसेडर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दीपिका पादुकोण सच में एक ग्लोबल आइकन हैं। जिस तरह वो भारतीय सिनेमा को इतनी शान और आत्मविश्वास के साथ दुनियाभर में लेकर गई हैं, वो कमाल है। उनकी अपनी अलग स्टाइल, जबरदस्त परफ़ॉर्मेंस और उनकी नैचुरल करिश्मा ने उन्हें दुनिया भर में पसंद किया जाने वाला चेहरा बना दिया है।

फिल्मों से लेकर बिज़नेस तक, मेट गाला से लेकर फीफा वर्ल्ड कप तक, और यहां तक कि ऑस्कर तक दीपिका लगातार दुनिया के सबसे बड़े मंचों पर भारत का नाम रोशन करती रही हैं। एक ऐसी एक्ट्रेस के तौर पर, जिसने कई और लोगों को दुनिया भर में चमकने का रास्ता दिखाया, दीपिका ने अपने सफर में बहुत लंबा रास्ता तय किया है। आज वह गर्व के साथ 'ग्लोबल इंडियन' कहलाती हैं और इसे वह अपनी नहीं बल्कि हम सबकी जीत मानती हैं। दीपिका, जो एक तरह से शुरुआत करने वाली रहीं, उन्होंने दुनिया भर के बड़े-बड़े लग्ज़री ब्रांड्स में भारत की बढ़ती पहचान को आगे बढ़ाने में बहुत अहम भूमिका निभाई है। वह पहली भारतीय थीं जिन्हें दुनिया के मशहूर और महंगे फैशन ब्रांड्स लुई वुइटन और कार्टियर ने अपना चेहरा बनाया। इसी से उन्होंने भारत की बढ़ती पहचान के लिए रास्ता तैयार किया और आने वाले सालों में बाकी भारतीय सितारों के लिए भी ये दरवाज़ा खोल दिया, ताकि वे भी इस नई लहर का हिस्सा बन सकें। एक इंटरव्यू के दौरान उनसे पूछा गया कि "एक एक्टर और बिज़नेसवुमन के तौर पर आपने सच में भारत को दुनिया के बड़े मंच तक पहुँचाया है।



**हॉलीवुड मसाला**



## मिस यूनिवर्स के खिताब से चूकीं मनिका

**लॉस एंजिल्स।** थाईलैंड में मिस यूनिवर्स 2025 का आयोजन हुआ। इसमें मैक्सिको की मॉडल फातिमा बॉश ने जीत दर्ज की। पेजेंट में दुनियाभर की सुंदरियों के साथ भारत की मनिका विश्वकर्मा ने भी हिस्सा लिया। उनका ताल्लुक राजस्थान से है। इस बार मिस यूनिवर्स की प्रतियोगिता में उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया। वह पेजेंट के टॉप 12 पार्टिसिपेंट्स में जगह नहीं बना सकीं। मनिका विश्वकर्मा की मिस यूनिवर्स के लिए दावेदारी काफी मजबूत मानी जा रही थी। उन्होंने पेजेंट में टॉप 30 में जगह बना ली थी। हालांकि टॉप 12 में वह जगह नहीं बना सकीं।




## रैपर ट्रैविस स्कॉट के साथ जमकर झूमे फैंस...

**मुंबई।** अपनी धुन पर पूरी दुनिया को झूमने पर मजबूर करने वाले मशहूर रैपर ट्रैविस स्कॉट इन दिनों भारत में हैं। दिल्ली में उनके कार्यक्रम को अच्छा रिस्पॉन्स मिला। इसके बाद मुंबई में उनका कॉन्सर्ट हुआ। इस कॉन्सर्ट में बड़ी संख्या में उनके फैंस पहुंचे और उनके साथ झूमते-गाते नजर आए। इस कॉन्सर्ट के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में देखा जा सकता है कि ट्रैविस स्कॉट गाना गा रहे हैं साथ में डांस कर रहे हैं। उन्होंने वेस्टर्न आउटफिट पहना है और चश्मा लगाया है। रैपर के साथ उनके फैंस भी झूम रहे हैं। ट्रैविस स्कॉट के कॉन्सर्ट से एक दूसरा वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें कुछ कर्मचारी फैंस पर मशीन से पानी छिड़क रहे हैं। दावा है कि ज्यादा लोगों के जमा हो जाने से वातावरण का तापमान गर्म हो गया।



## 'भाभीजी घर पर हैं' करेगी धमाका

**मुंबई।** टीवी का चर्चित कॉमेडी शो 'भाभीजी घर पर हैं' अब बड़े पर्दे पर धमाका करने के लिए तैयार है। अभिनेता आसिफ शेख, शुभांगी अत्रे और रोहिताश गौड़ अभिनीत यह शो करीब एक दशक से लोगों का मनोरंजन करता आ रहा है। काफी समय पहले ऐलान किया गया था कि निर्माता इस शो पर फिल्म बना रहे हैं, जिसे जानने के बाद लोग उतावले थे। आखिरकार 'भाबीजी घर पर हैं-फन ऑन दा रन' की रिलीज तारीख का ऐलान हो गया है। निर्माताओं ने फिल्म का शीर्षक और पोस्टर जारी करते हुए लिखा, 'भाभीजी जो अब तक घर पर थीं, अब बड़े पर्दे पर आएंगी।' पोस्टर में शुभांगी (अंगूरी भाभी) विदिशा शर्मा (अनीता भाभी) और को दुल्हन की पोशाक में हैं। एक अन्य पोस्टर में दोनों के अलावा आसिफ और रोहिताश भी अस्त-व्यस्त हालात में दिख रहे हैं।



## अनीत संग ऐसा-वैसा कुछ भी नहीं...

**मुंबई।** सैयारा' फिल्म से रातों-रात चर्चा में आए अभिनेता अहान पांडे इंटरनेट के सबसे चर्चित सेलिब्रिटी बन चुके हैं। काम से ज्यादा उनकी निजी जिंदगी लोगों का ध्यान खींचती रहती है। ददरअसल, सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि अभिनेता अपनी सह-अभिनेत्री अनीत पड्डा को डेट कर रहे हैं। इस बीच, फिल्म निर्माता करण जौहर की प्रतिक्रिया ने अहान और अनीत के रिश्ते की अफवाह को फिर से हवा दे दी। अब 'सैयारा' अभिनेता ने खुद ही सच बता दिया है। अहान ने हालिया इंटरव्यू में, 'सैयारा' अभिनेत्री संग उन्हें जोड़ने वाली अफवाहों को खारिज किया है। एक बातचीत में उन्होंने अनीत को सिर्फ अच्छा दोस्त बताया है। अभिनेता ने कहा, अनीत मेरी सबसे अच्छी दोस्त है। पूरा इंटरनेट यही सोच रहा है कि हम साथ हैं, लेकिन हम साथ नहीं हैं।

**टीवी मसाला**




## 'बिग बॉस 19' के घर में आते ही तान्या के भाई ने किए खुलासे...

**मुंबई।** 'बिग बॉस 19' के फैमिली वीक में इस बार घर का माहौल तब और दिलचस्प हो गया जब तान्या मित्तल के भाई अमृतेश मित्तल शो में पहुंचे। जैसे ही वो घर में दाखिल हुए, तान्या भावुक हो गईं और उन्हें देखकर पहले पैर छुए फिर गले लगाया। लेकिन असली कहानी तब शुरू हुई जब एक-एक कर घरवाले उनके सामने तान्या द्वारा शो के दौरान किए गए दावों को लेकर सवाल लेकर पहुंचने लगे। मेकर्स ने प्रोमो में दिखाया कि कैसे तान्या के भाई हर सवाल का जवाब शांत तरीके से दे रहे हैं और बहन के बचाव में साफ-साफ अपना पक्ष रखते दिख रहे हैं। शो के मेकर्स द्वारा अब तक कई प्रोमोज साझा किए गए हैं, जिनमें तान्या के भाई एक-एक सारे मुद्दों पर सफाई देते हुए नजर आ रहे हैं।

***किचन में लिफ्ट वाला दावा :*** 'बिग बॉस' के लाइव से वायरल हुए वीडियो में प्रणित किचन में लिफ्ट के दावे पर तान्या के भाई से सवाल पूछते हैं। इस पर तान्या के भाई कहते हैं कि हमारे ग्वालियर में ऊंची ऊंची बिल्डिंग्स नहीं हैं। ऐसे में बुजुर्गों के लिए घर में लिफ्ट बहुत आम तौर पर घरों में लगवाई जाती है। हमारे सारे रिश्तेदारों के घरों में ही ऐसा किया जाता है। इस दौरान साथ बैठीं तान्या भी यही बात दोहराते हुए नजर आती हैं।

***फैक्टरीज के सवाल का दिया जवाब :*** इसके बाद बातचीत फैक्ट्री वाले बयान पर पहुंची, जिसे लेकर भी घर में कई दिनों से सवाल उठते रहे थे। इस पर तान्या के भाई ने सरल शब्दों में समझाया कि उनके पिता का बिजनेस क्या है और कैसे लोग बिना पूरी जानकारी के बातें बना लेते हैं। उन्होंने बताया कि परिवार का कामकाज पूरी तरह पारदर्शी है और तान्या ने जो कुछ बताया, वह किसी भ्रम या दिखावे के लिए नहीं था, बल्कि उनके वास्तविक अनुभवों पर आधारित था।

## रुबीना के पति अभिनव के साथ हुआ धोखा



नई दिल्ली। टीवी की चर्चित जोड़ी रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला हाल ही में टीवी शो 'पति पत्नी और पंगा' के विजेता बने थे। दोनों की जीत का जश्न अभी थमा नहीं था कि अभिनेता ने चौंकाने वाली खबर सुना दी है। अभिनव ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश जारी करते हुए बताया कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। इस वीडियो के माध्यम से वह अपने प्रशंसकों को जागरुक करने की कोशिश भी करते दिखे। अभिनव ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए बताया कि उन्होंने लोन के लिए अप्लाई किया था। बाद में पता चला कि उनके पैन कार्ड से धोखाधड़ी के जरिए 5-6 लोगों ने कई लोन ले रखे हैं। उन्होंने आगे बताया कि वह वीडियो इसलिए जारी कर रहे हैं, ताकि किसी और के साथ ऐसा न हो सके।

## फरहान की पिछली 5 फिल्मों का बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट कार्ड, 2 हुईं बुरी तरह फ्लॉप



**मुंबई।** अभिनेता और निर्माता फरहान अख्तर इन दिनों अपनी नई फिल्म '120 बहादुर' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और फरहान जोर-शोर से इसका प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। समीक्षकों से फिल्म को सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिल रही है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि फरहान की पिछली 5 फिल्मों का बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड कैसा रहा?

**'द स्काई इज पिंक' :** फरहान को आखिरी बार सिनेमाघरों में फिल्म 'द स्काई इज पिंक' में देखा गया था, जो साल 2019 में रिलीज हुई थी। फिल्म में वो प्रियंका चोपड़ा के साथ इश्क लड़ाते नजर आए थे। इस फिल्म को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में खूब तारीफ मिली थी।समीक्षकों से भी इसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, लेकिन 24 करोड़ रुपये के बजट में बनी ये फिल्म भारत में बस 20 करोड़ रुपये कमा पाई थी। 'स्काई इज पिंक' नेटफ्लिक्स पर मौजूद है।


**'लखनऊ सेंट्रल' :** साल 2017 में फरहान 'लखनऊ सेंट्रल' लेकर आए थे। फिल्म की कहानी उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर मुरादाबाद में रहने वाले किशन मोहन गिरहोत्रा (फरहान) के इर्द-गिर्द घूमती है। इस फिल्म को दर्शकों ने साफ नकार दिया था, वहीं समीक्षकों से भी इसे हरी झंडी नहीं मिली। 30 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म को 11 करोड़ कमाने में भी पसीने छूट गए थे। बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी ये फिल्म जियो हॉटस्टार पर मौजूद है।

**'रॉक ऑन 2':** साल 2016 में रिलीज हुई फरहान की 'रॉक ऑन 2' को काफी उम्मीदों के साथ बनाया गया था, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपना जादू नहीं चला पाई। नोटबंदी के समय रिलीज होने की वजह से दर्शक सिनेमाघरों तक नहीं पहुंच पाए और फिल्म की कमाई बुरी तरह प्रभावित हुई। इसके अलावा कहानी और गाने भी 'रॉक ऑन' का मुकाबला न कर पाए। 40 करोड़ रुपये की लागत में बनी ये फिल्म बस 10 करोड़ रुपये जुटा पाई थी।

**'वजीर' और 'दिल धड़कने दो':** अमिताभ बच्चन के साथ आई फरहान की 'वजीर' ने 35 करोड़ की लागत में 41 करोड़ रुपये की कमाई की थी। फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन औसत रहा। ये फिलम अमेजन प्राइम वीडियो और सोनी लिव पर है। उधर 'दिल धड़कने दो' में फरहान ने एक्टिंग भी की। वो फिल्म के डायलॉग राइटर और निर्माता भी थे। रणवीर सिंह भी इसमें अहम भूमिका में थे।

## 'सूर्या 47': पुलिसवाले बनकर 8 साल बाद पर्दे पर लौटेंगे सूर्या, एक्शन से भरपूर होगी फिल्म

**मुंबई।** दक्षिण सिनेमा के सुपरस्टार सूर्या पुलिसवाले बनकर फिर पर्दे पर धमाल मचाएंगे। उनकी नई फिल्म 'सूर्या 47' से जुड़ी जानकारी लोगों को उत्साहित करने आ गई है। फिल्म के निर्देशन की कमान जीतू माधवन संभाल रहे हैं। दोनों साथ मिलकर एक्शन, कॉप फिल्म बनाने की तैयारी में हैं, जिसकी शूटिंग दिसंबर, 2025 में शुरू हो सकती है। पुलिस अधिकारी के किरदार में सूर्या को 'सिंघम 3' में देखा गया था। यह फिल्म 8 साल पहले 2017 में रिलीज हुई थी।



### 'सूर्या 47' में ये अभिनेत्री आ सकती है नजर

रिपोर्ट के मुताबिक, अस्थायी नाम वाली 'सूर्या 47' में मुख्य अभिनेत्री के रूप में नाजरिया नाजिम फहाद नजर आ सकती हैं। उन्हें सोनी लिव की हालिया वेब सीरीज 'द मद्रास मिस्ट्री' में देखा गया है। पहले चर्चा थी कि सूर्या और नाजरिया फिल्म 'पुरानानूरु' में काम करेंगे, लेकिन अब यह परियोजना रद्द हो गई है। सूर्या के काम की बात करें, तो अभिनेता को आखिरी बार फिल्म 'रेट्रो' में देखा गया था। यह फिल्म मई, 2025 में रिलीज हुई थी।

### केरल में फिल्मांकन शुरू होने की संभावना

पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, 'सूर्या 47' की शूटिंग 8 दिसंबर, 2025 से शुरू हो सकती है। टीम द्वारा अन्य जगहों पर जाने से पहले, फिल्मांकन केरल में शुरू होने की संभावना है। हालांकि ये अपडेट अटकलें हैं, क्योंकि निर्माताओं की तरफ से आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। यह बात अलग है, कि अगर अफवाहें सच हुईं तो सूर्या और जीतू की जोड़ी दोबारा साथ करेगी। इससे पहले दोनों फिल्म 'सोरारई पोटरु स्टार' और 'आवेशम' में काम कर चुके हैं।

### शॉर्टलिस्ट होने वाली फिल्मों की घोषणा 16 दिसंबर को होगी

## ऑस्कर 2026 में बड़ा बदलाव, मिलेगा ये खास पुरस्कार; कौन होगा जीत का हकदार?

### कास्टिंग करने वालों को भी मिलेगा पुरस्कार

20 साल से ज्यादा समय के बाद ऑस्कर में एक नई श्रेणी जोड़ी गई है। इस नई श्रेणी का पुरस्कार कास्टिंग के लिए होगा। कास्टिंग अवॉर्ड का मतलब है कि उस फिल्म के लिए सबसे अच्छे अभिनेताओं और कलाकारों को चुनने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। ये पुरस्कार उन लोगों की मेहनत को पहचानता है, जो फिल्म के लिए सही कलाकारों का चुनाव करते हैं। इस श्रेणी के आने के बाद अब ऑस्कर में कुल 24 पुरस्कार होंगे।

*लॉस एंजिल्स। फिल्मी दुनिया के सबसे बड़े पुरस्कार समारोह ऑस्कर का इंतजार दुनियाभर के सिनेप्रेमियों को है। ऑस्कर 2026 से जुड़ीं आए दिन रोचक जानकारियां सामने आ रही हैं और अब इस पर ऐसा धमाकेदार अपडेट आया है, जिससे इस*




*प्रतिष्ठित समारोह का इंतजार कर रहे प्रशंसक और बेसब्र हो जाएंगे। दरअसल, ऑस्कर 2026 अपने इतिहास में एक बड़ा बदलाव लेकर आ रहा है। 20 साल से अधिक समय के बाद पहली बार अकादमी अवॉर्ड्स में एक नई श्रेणी जोड़ी गई है।*

### कास्टिंग निर्देशक चुनेंगे ऑस्कर की टॉप 10 फिल्में

फिल्मों के लिए सही कलाकार चुनने वाले कास्टिंग निर्देशक ही तय करेंगे कि कौन-सी फिल्में इस पुरस्कार के लिए आगे बढ़ेंगी। ये लोग सबसे पहले 10 फिल्मों को शॉर्टलिस्ट करेंगे, बिल्कुल वैसे ही जैसे गाने, डॉक्यूमेंट्री, साउंड, विजुअल इफेक्ट्स, मेकअप, हेयर स्टाइलिंग और शॉर्ट फिल्म्स जैसी कुछ और श्रेणियों के पुरस्कारों के लिए किया जाता रहा है। शॉर्टलिस्ट होने वाली फिल्मों की घोषणा 16 दिसंबर को होगी और फिर 22 जनवरी को नामांकन पाने वाली फिल्मों के नाम सामने आएंगे।

### ऑस्कर 2026 भारत में कब और कहां देख सकेंगे?

ऑस्कर 2026 का मजा दोगुना करेंगे मशहूर कॉमेडियन कॉनन ओ'ब्रायन, जो खुद भी इस समारोह की मेजबानी करने की पुष्टि कर चुके हैं। ऑस्कर का आयोजन सोमवार, 16 मार्च 2026 को होगा। भारत में इस समारोह को सुबह 4:30 बजे से 7:30 बजे तक लाइव देखा जा सकेगा। इसके अलावा भारत की तरफ से करण जौहर की फिल्म 'होमबाउंड' को सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के लिए आधिकारिक एंट्री के रूप में चुना गया है।

### साल 2001 के बाद से अब जुड़ी ऑस्कर में एक नई श्रेणी

*अकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर एंड साइंसेज ने साल 2001 के बाद से अब तक कोई नई श्रेणी नहीं जोड़ी थी। 2001 में आखिरी बार बेस्ट एनिमेटेड फीचर फिल्म नाम से नई श्रेणी बनाई गई थी। अब इतने सालों बाद पहली बार कोई नई श्रेणी कास्टिंग अवॉर्ड जुड़ी है। इससे न केवल कास्टिंग निर्देशकों की मेहनत को मान्यता मिलेगी, बल्कि यह दर्शाता है कि ऑस्कर समय के साथ बदल रहा है और इंडस्ट्री के हर पहलू को सम्मान दे रहा है।*

## खबर संक्षेप

### ओपी ने पीएससी में सफल अभ्यर्थियों को दी बधाई

**रायगढ़।** छग लोकसेवा आयोग की परीक्षा में नालंदा परिसर से तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को सफलता मिलने पर बधाई देते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा स्वप्निल वर्मा ने द्वितीय स्थान पोलेश्वर ने चौथा स्थान गौरव साहू की 13 वा स्थान आदित्य ने 46 वा स्थान रोहित वर्मा ने 48 वा स्थान स्वाति साहू ने 73 वा स्थान हासिल किया है। ओपी चौधरी ने कहा मेहनत और समर्पण के जरिए यह मुकाम हासिल कर सभी छात्रों ने शिक्षा के मंदिर नालंदा परिसर का मान बढ़ाया है। इन छात्रों ने प्रदेश और युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए हमारे द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सार्थकता को भी सिद्ध किया है। नालंदा परिसर से निकले युवा अब प्रदेश के विकास सुशासन और जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय योगदान देने को तैयार हैं। यह शानदार उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के अभ्यर्थियों के लिए प्रेरणा दायक बनेगी और मार्गदर्शन भी देगी। सभी की सफलता की अपने जीवन के लिए गौरव और हर्ष का क्षण बताते हुए ओपी ने कहा यह सफलता मीठे फल के समान है जिसका बीजारोपण रायपुर कलेक्टर रहते हुए आशा और विश्वास के साथ नालंदा परिसर के रूप में किया था।

### 1.70 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**राउरकेला।** ब्रह्माणी तरंग पुलिस ने 22 नवंबर की रात अवैध मादक पदार्थ परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 1 किलो 70 ग्राम गांजा जब्त किया है। मामले में मो नईम को गिरफ्तार किया गया है, जिसे जेल भेज दिया गया। सूचना के अनुसार शनिवार रात करीब 8.15 बजे एसआई संग्राम केसरी स्वाइन, एएसआई एसके अमंता, बी. भेंगरा, हवलदार ई. तिर्की व हवलदार एस. बेहेरा के साथ पेट्रोलिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें विश्वसनीय सूत्र से सूचना मिली कि मितुपाड़ा चौक, बेलडिही के पास अवैध रूप से गांजा तस्करी किया जा रहा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोहम्मद नईम 49, निवासी बेलडिही मितुपाड़ा को प्लास्टिक में रखे 1 किलो 70 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा गया। आरोपी यह मादक पदार्थ बेचने के उद्देश्य से ले जा रहा था।

### किसी का नहीं कटेगा राशन कार्ड : पात्र

**राउरकेला।** राउरकेला रेलवे स्टेशन पर ओड़िशा के खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता कल्याण तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कृष्ण चंद्र पात्र का रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। विधायक दुर्गा तांती के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता गाजे-बाजे के साथ स्टेशन पहुंचे और मंत्री का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति से स्वागत समारोह और भी उत्साहपूर्ण हो गया। मंत्री कृष्ण चंद्र पात्र ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार गरीबों के अधिकारों से किसी भी स्थिति में समझौता नहीं करेगी। उन्होंने कहा किसी भी गरीब का राशन कार्ड नहीं कटेगा। केवल वही कार्ड रद्द होंगे जो पात्रता की श्रेणी में नहीं आतेए जैसेकृसरकारी कर्मचारी और आयकरदाता। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन माझी के नेतृत्व में राज्य निरंतर प्रगति कर रहा है और प्रत्येक विभाग में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मंत्री पात्र ने राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि किसानों को 2100 की सहायता राशि दी जा रही है। बेहतर सिंचाई व्यवस्था के लिए परियोजनाओं को गति दी गई है।

### घनश्याम के निधन पर ओपी ने जताया शोक

**रायगढ़।** पुसौर भाजपा के वरिष्ठ नेता, समाजसेवी, घनश्याम गुप्ता जी के निधन को अत्यंत दुःखद बताते हुए जारी शोक संदेश में ओपी चौधरी ने कहा पुसौर क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की जड़ों को मजबूत करने आपका जीवन समर्पित रहा। पार्टी के लिए आपका समर्पण निष्ठा कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करती रहेगी। दुख की इस घड़ी में भगवान परिवार जनों को दुख सहने का संबल प्रदान करे मृतात्मा की परमात्मा के चरणों में स्थान मिले।

### एक्सिस बैंक में जिला स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन

# जिले के 312 खातों में लौटाए गए जमा 3.46 करोड़, आपकी पूंजी अभियान से राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में आपकी पूँजी आपका अधिकार अभियान के तहत लावारिस एवं निष्क्रिय खातों के निपटान में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। जिले के 312 खातों में जमा कुल 3.46 करोड़ रुपए का सफलतापूर्वक निराकरण कर राशि उनके वास्तविक हकदारों को लौटाई गई। वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार शुक्रवार को टीआर संस, बिजनेस हब, एक्सिस बैंक के पास ढिमरापुर रोड में जिला स्तरीय विशेष शिविर आयोजित किया गया। देशभर के 95 जिलों में एक साथ इस अभियान के लिए शिविर लगाए गए थे।

जिले के शिविर में महत्वपूर्ण रूप से आपकी पूँजी, आपका अधिकार पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। शिविर में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रीजनल डायरेक्टर श्रीमती रीनी अजीत ने उपस्थित नागरिकों को अभियान के उद्देश्य समझाते हुए बताया कि बिना दावे वाली वित्तीय संपत्तियों को शीघ्र, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से उनके असल वैध धारकों तक पहुँचाना सरकार और आरबीआई की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आमजन की सुविधा के लिए उद्गम पोर्टल को आधुनिक और सरल बनाया गया है, जिसके माध्यम से एक ही क्लिक में 30 बैंकों के अनक्लेम्ड डिपॉजिट अकाउंट देखे जा सकते हैं। आरबीआई के सहायक महाप्रबंधक दीपेश तिवारी ने पोर्टल के उपयोग की विस्तृत प्रक्रिया बताते हुए कहा कि निष्क्रिय खातों को दावा आवेदन और केवाईसी दस्तावेज जमा कर आसानी से पुनः सक्रिय किया जा सकता है।



शिविर में हितग्राहियों से चर्चा करते बैंक अधिकारी।

**जिलेभर में जारी रहेगा विशेष अभियान**

रायगढ़ जिले में अब तक 79 हजार 562 ऐसे बैंक खाते चिन्हित किए गए हैं जिन पर वर्षों से कोई दावा नहीं किया गया है। इन खातों में कुल 37.14 करोड़ रुपए की राशि जमा है। जिला प्रशासन और बैंक संयुक्त रूप से सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। जिसके परिणाम स्वरूप 3.46 करोड़ रुपए की अदावाकृत राशि का निपटान संभव हो सका है। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अधिकतम 3.11 करोड़ रुपए की राशि का निपटान किया गयाए जिससे बड़ी संख्या में नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिला। कई परिवार इस राशि का उपयोग शिक्षा, चिकित्सा और अन्य आवश्यकताओं के लिए कर सकेंगे।

**शिविर में मिला समाधान प्रमाण पत्र**

विशेष शिविर में 250 से अधिक लोग पहुंचे। जिन खाता धारकों के दस्तावेज पूर्ण थे, उनके दावे का तत्काल निपटान करते हुए उन्हें प्रमाणपत्र भी सौंपे गए। आधार पैन से सत्यापन, दावा फॉर्म भरना और निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने की पूरी प्रक्रिया शिविर स्थल पर ही पूर्ण कराई गई। अभियान के तहत जिले के सभी 7 विकासखंडों में शिविर का आयोजन किया जा चुका है। दो विशेष शिविर कलेक्ट्रेट कार्यालय में शासकीय खातों के पुनः सक्रियकरण के लिए किया गया है एवं चार जागरूकता शिविर लगाया जा चुका है। शिविर में अग्रणी बैंक प्रबंधक कमल किशोर सिंह ने यह जानकारी दी। शिविर में श्रीमती रीनी अजीत रीजनल डायरेक्टर, आरबीआई, दीपेश तिवारी, सहायक महाप्रबंधक, आरबीआई, बीआर रामकृष्ण नाइक, जोनल हेड, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, धर्मेंद्र रावत, रीजनल मैनेजर, एसबीआई, प्रवीण कुमार, रीजनल मैनेजर, बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रवीण केतकी, रीजनल मैनेजर, सीजी ग्रामीण बैंक, कमल किशोर सिंह, अग्रणी बैंक प्रबंधक, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं अधिकारी उपस्थित थे।





# एक स्थान का फॉर्म होगा जमा, नहीं तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गणना फॉर्म भरने वाले मतदाताओं और नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा सूचना जारी की है। इस सूचना का उद्देश्य लोगों को उनके द्वारा जानकारी के अभाव में संभावित दण्डनीय कार्य से बचाना है।

- मृत व्यक्ति का और कई स्थानों से एसआईआर फॉर्म भरने वालों पर लगेगा धारा 31

मृत व्यक्ति या ऐसे व्यक्ति के संबंध में गणना प्रपत्र जमा करनाए जो अब भारतीय नागरिक नहीं रहा है या ऐसे निर्वाचक के मामले में जो जानता है कि उसका नाम निर्वाचक नामावली में एक से अधिक स्थानों पर मौजूद है और वह एक से अधिक स्थानों के संबंध में गणना प्रपत्र जमा करता है और इस प्रकार गणना प्रपत्र में एक ऐसी घोषणा करता है जो गलत है या जिसके बारे में वह जानता है या मानता है कि वह सत्य नहीं है, वह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत दंडनीय है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 4 नवंबर 2025 से शुरू हो चुका है, जिसका गणना प्रपत्रों का वितरण लगभग पूरा हो गया है और वर्तमान में गणना प्रपत्रों के संग्रहण व डिजिटाइजेशन का कार्य प्रगति पर है, जिसका जमा करने का अंतिम तिथि 4 दिसंबर है।

# स्वास्थ्य विभाग के सबसे बड़े संगठन को मिली शासन की मान्यता

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विभाग में 21 नवंबर का दिन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के लिए एक बहुत बड़ा उपलब्धि का दिन रहा। जिसमें वर्षों से अपने अधिकारों और अस्तित्व के लिए संघर्षरत स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ को आखिरकार वह पहचान मिल गई जिसका लंबे समय से इंतजार कर रहे थे।

सामान्य प्रशासन विभाग ने वर्तमान में केवल 5 संगठन को ही पत्राचार के लिए मान्यता प्राप्त थी जिसमें स्वास्थ्य विभाग से केवल स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ को मान्यता प्रदाय की गई है। जैसे ही संघ को मान्यता प्राप्त की सूचना मिली कर्मचारियों में खुशी की लहर एक नये ऊर्जा का संचार हुआ इस आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश अध्यक्ष टार्जन गुप्ता ने इसे 'कर्मचारी हितों की ऐतिहासिक दिवस बताया उन्होंने प्रांत कार्यकारिणी सहित सभी जिलों के पदाधिकारी और सदस्यों को बधाई दिया और कहा अब 'हमारी आवाज दबाई नहीं जाएगी बल्कि शासन स्तर तक सुनी जाएगी। अब इससे कर्मचारियों की पुरानी लंबित मांगों का निराकरण एविभागीय स्तर पर फील्ड में काम करने वाले की पहचान स्वास्थ्य को धरातल तक मजबूत करना, फील्ड और कार्यालय कर्मचारी की सुरक्षा सुविधा में वृद्धि होगी संभाग अध्यक्ष गजेंद्र भोसले एवं जिला अध्यक्ष अमित कुमार साहू ने प्रांत अध्यक्ष टार्जन गुप्ता एवं प्रांत टीम को बधाई दी। अब जो हमारी पुरानी लंबित मांगे हैं वह जल्द से जल्द निराकरण होगी।



इसमें प्रमुख रूप से जिला सचिव योगेश पटेल, विकासखंड बिलाईगढ़ के अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला जायसवाल, सारंगढ़ के अध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल बरमकेला के अध्यक्ष अभिषेक पटेल, हेतराम कर्ष, आर के मैत्री, लहाराम रत्नाकर, गिरजानंद निराला मुकेश नवरत्न, प्रदीप रात्रेएशर्मिला देवी, संजय चौहान, शैलेन्द्र राकेश, श्रीमती एच दुबे, कु इनका साहू, घनश्याम जायसवाल, प्रकाश बंजारे, कस्तूरी साव, अभिषेक देवांगन, मनीष साहू, एच के जोलहे, लोकेश साहू, राजेंद्र साहू, अनिल साहू, मधुर राम साहू, धनेश्वर पटेल, विजय बंजारे, चंद्रमणि पंकज, लोकेश पटेल, दिनेश पटेल, जेपी पटेल, यूके तिवारी, डी के मेहर, गेंदलाल खटकर जिला के समस्त ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष महिला एसेक्टर सुपरवाइजर एएल एच एबीटिईओ ने खुशी व्यक्त किया।

### 14 को होगी ब्रिलियंट सामान्य ज्ञान स्पर्धा

**रायगढ़।** संस्कार पब्लिक स्कूल द्वारा ब्रिलियंट सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है। इस वर्ष भी संस्कार पब्लिक स्कूल के द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता करवाई जा रही है, जिसमें 50 हजार के करीब का इनाम संस्थान द्वारा रखा गया है। कार्यक्रम के संयोजक रामचंद्र शर्मा, श्रीमती रश्मि शर्मा ने बताया कि इस बार प्रतियोगिता 14 दिसंबर को प्रातः 10 से 12 बजे दोपहर में आयोजित होगी। जिसके लिए परीक्षा राशि मात्र 20 रूपए रखी है। इसका आयोजन संस्कार पब्लिक स्कूल के कैंपस में ही किया जाएगा। मार्गदर्शक रामचंद्र शर्मा ने बताया कि दोनों ही वर्गों में जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार 5 हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार 3 हजार रूपए, तृतीय पुरस्कार 21 सौ रूपए दिए जाने के साथ साथ भाग लेने वाले सभी स्कूल के प्रथम, द्वितीय, तृतीय को विशेष पुरस्कार तथा जिला स्तर पर चौथे से दसवें स्थान प्राप्त करने वाले को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। रसीद प्रत्येक स्कूल में भेजी गई है।

# एनसीसी स्थापना दिवस पर कैडेट्स की प्रस्तुतियों में दिखा देशभक्ति का रंग

**घरघोड़ा।** पीएमश्री स्कूल घरघोड़ा में एनसीसी के 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य और आकर्षक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर सुबह से ही उत्साह, जोश और देशभक्ति के माहौल से सराबोर रहा। इस विशेष अवसर पर 100 से अधिक एनसीसी केडेट्स ने अनुशासन, एकता और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य संजय पंडा, प्रकाश कुमार पंडा व्याख्याता पीएम सेजेस घरघोड़ा तथा विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार प्रेम अग्रवाल रहे। केडेट्स ने मंच पर उपस्थित विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। अतिथियों की उपस्थिति से कार्यक्रम का गौरव और अधिक बढ़ गया। मुख्य अतिथि संजय कुमार पंडा एप्राचार्य पीएम सेजेस घरघोड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि एनसीसी जीवन में अनुशासन, निष्ठा और देशप्रेम की भावना को जागृत करता है। यह युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास तथा समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करने का अनमोल माध्यम है। उन्होंने केडेट्स को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए निरंतर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद केडेट्स द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, सामूहिक नृत्य, समूहगान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। तिरंगे की छटा और देश के प्रति समर्पण का भाव हर प्रस्तुति में झलक रहा था। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से केडेट्स का उत्साह बढ़ाया और उनके प्रदर्शन की खुलकर सराहना की। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अधिकारी मनोज कुर्रे ने सधे हुए और गरिमामय अंदाज में किया। उन्होंने कार्यक्रम को सुचारू रूप से आगे बढ़ाते हुए केडेट्स की मेहनत और अनुशासन को विशेष रूप से रेखांकित किया। आयोजन की सफलता में विद्यालय परिवार, एनसीसी यूनिट तथा सभी सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। एनसीसी के 77वें स्थापना दिवस का यह आयोजन न केवल यादगार रहा बल्कि छात्रों में देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को और प्रबल कर गया।



### सरसों की सोने जैसी चमक...



**बरमकेला।** बरमकेला क्षेत्र में सरसों की फ़सल जैसे धरती में सोने की भाँती चमक नजर आ रही है। इसकी सुंदरता से हर कोई मोहित होकर इस रास्ते से आने-जाने वाले यात्री अपने वाहनों से उतर कर फोटो वीडियो लेते नजर आ रहे हैं। सरसों की फसल मौसम की अनुकूलता और बेहतर कृषि प्रबंधन का नतीजा है। यह फसल किसानों को अच्छी पैदावार और अच्छी आय की उम्मीद देती है, जिससे उनके चेहरे पर मुस्कान है।

# मितानिन दिवस पर किया गया मितानिनों का सम्मान

**सरिया।** मितानिन दिवस के अवसर पर रविवार को नगर पंचायत सरिया में मितानिनों का सम्मान किया गया, जिसमें नगर पंचायत के मितानिन शामिल हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि मितानिनों की सेवा अनमोल है। उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। छत्तीसगढ़ में आज के दिन को मितानिन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ गठन के बाद देश में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ में मितानिनों का गठन किया गया। तब से लेकर अब तक मितानिन की सेवा उल्लेखनीय हैं। उनकी सेवा भावना के कारण प्रतिवर्ष 23 नवंबर को मितानिन दिवस के रूप में मनाया जाता है। सरिया नगर पंचायत में नगर पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में नगर के मितानिनों का सम्मान किया गया। मितानिनों को वेतन नहीं दिया जाता है। ये केवल सामाजिक सेवा और प्रोत्साहन राशि पर ही लोगों की मदद करती हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि मितानिनों की कार्य शैली उल्लेखनीय है और समाज में उन्हें सम्मान मिल रहा है। गांव से लेकर शहर तक मितानिन सेवा कर रहे। जचकी, टीकाकरण, बच्चों का वजन करना, आहार की जानकारी देना, नवजात के सात लक्षण, इसके अतिरिक्त मलेरिया दस्त, निमोनिया, बीमार नवजात, टीवी, कुष्ठ, पीलिया, कुपोषण आदि के क्षेत्र में मितानिन अपनी सेवा दे रहे हैं। पोषण, स्वास्थ्य एवं जागरूकता के क्षेत्र में मितानिनों के उल्लेखनीय कार्य के लिए आज उन्हें सम्मान किया गया । इस दौरान मितानिनों ने नगर पंचायत अध्यक्ष से सरिया आसपास गांव का केंद्र बिंदु है और यहां मितानिनों के लिए मितानिन भवन की सख्त आवश्यकता है। उन्होंने नगर पंचायत से सरिया में एक सुविधा युक्त मितानिन भवन की मांग किया।



### प्रभारी सचिव ने किया सर्वर रूम का निरीक्षण

# अभिलेखों का हो रहा डिजिटलीकरण, मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में राजस्व अभिलेखों के सुरक्षित संवर्धन तथा जनता को समयबद्ध पारदर्शी एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में खसरा, बी 1 तथा जमाबंदी जैसे महत्वपूर्ण भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण कार्य तेजी से प्रगति पर है।

इसी क्रम में जिले के प्रभारी सचिव एवं वाणिज्य, उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग, रेल परियोजनाएं एवं सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव रजत कुमार ने शुक्रवार को जिला कलेक्टोरेट स्थित सर्वर रूम तथा स्कैनिंग एवं डिजिटाइजेशन शाखा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डिजिटलीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा की तथा इसे राजस्व सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण एवं अभिनव पहल बताया। उन्होंने कार्य में और अधिक गति लाने तथा डेटा सुरक्षा व रिकॉर्ड की सटीकता को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने पर जोर दिया। कलेक्टर ने शाखा में संचालित डिजिटलीकरण गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि तकनीक आधारित राजस्व सेवा व्यवस्थाओं को अधिक कुशल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से सतत सुधार किए जा रहे हैं। नागरिकों को भूमि संबंधित सेवाएं सुगमता से उपलब्ध हों, इसके लिए उन्नत तकनीकी प्लेटफॉर्म विकसित किए जा रहे हैं।



### एसएसवीएम में नई प्रबंधन समिति को प्रशिक्षण

**राउरकेला।** शिवाजी मार्ग स्थित सरस्वती शिशु विद्यामंदिर, एसएसवीएम राउरकेला टाउन में सोमवार सुबह 10 बजे नई प्रबंधन समिति कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंद चंद्र मिश्रा ने अतिथियों का परिचय देते हुए कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। जिले के प्रमुख हरीशचंद्र पाणिग्राही ने स्वागत भाषण दिया और सभी सम्मानित अतिथियों का अभिनंदन किया। विभाग निरीक्षक दीनबन्धु दास ने प्रशिक्षण के उद्देश्य और इसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि अर्चना गड़ोदिया ने प्रेरक आशीर्वचन दिए।